

# जो पाप करते हैं, वही लोग डरते हैं : जयवर्धन सिंह

## न्याय सत्यागृह को लेकर की प्रेसवार्ता, प्रशासन पर लगाए दबाव में काम करने के आरोप

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कांग्रेस द्वारा आयोजित न्याय सत्यागृह आंदोलन को लेकर प्रशासन में इतना डर क्यो, इतना भय क्यो, क्यों हर जगह बेरीकेटिंग कर दी, क्यों सड़कों को शील कर दिया, क्योंकि हमेशा ध्यान रखना जो लोग पाप करते है, वहीं लोग डरते है यह बात राघौगढ़ विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहीं। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन पर सत्ता के दबाब में काम करने का आरोप लगाया।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि एक महीने में जो जिले से लेकर प्रदेश ने देखा वह किसी से छुपा नहीं है, कि कैसे मुंगावली के एक गांव के युवा गजराज लोधी के साथ जो हरकत हुई, जिसमें एक भाजपा का नेता गजराज लोधी को मल खिलाने का प्रयास करता है।



जिसकी शिकायत करने वह एक बार नहीं बल्कि अनेको बार पुलिस के पास जाते है, जनसुनवाई में जाता है, लेकिन उसके बाबजूद भी उन्हें न्याय नही मिलता है, वहीं उन्हें न्याय दिलाने के लिए लोधी समाज ने सामूहिक रूप से दो बार ज्ञापन दिए फिर भी न्याय नहीं मिला तो पीड़ित युवक गजराज लोधी और उनके भाई ने हमारे प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के सामने अपनी पूरी बात रखी, जिसके बाद यह चर्चा पूरे प्रदेश के सामने आई और प्रदेश भर मे यह जानकारी फैली, कि हम जिस मप्र में रहते है वहां पर एक भाजपा का कार्यकर्ता एक व्यक्ति का शोषण कर रहा है, मल खिला रहा है उसके बाबजूद आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज नहीं होती है। इस घटना के बाद से अचानक से जिला प्रशासन यहा का षड़यंत्र करता है और प्रदेश के नेता जो शोषित पीड़ित परिवार की आवाज उठाई है, उस पर एफआईआर दर्ज कर लेता है।

**गांव से लेकर शहर में भाजपा नेताओं का आतंक:**

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि भाजपा नेताओं का आंतर गांव से लेकर शहर में है,इसकी बात गांव का व्यक्ति का शहर का व्यक्ति बतायेगा कि भाजपा नेताओ को आतंक हर गांव और हर वस्ती में है, हर थाने में झूठी एफआईआर दर्ज की गई, बार-बार पीड़ित पक्ष की आवाज की सुनवाई नहीं हो रहीं है। तो वहीं अब सीधा इन्होंने हमारे प्रदेशाध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज कर ली, जो स्वयं कल आ रहे है गिरफ्तारी देने केलिए हम उनके साथ मौजूद रहकर गिरफ्तारी देंगे। वहीं उन्होंने बताया कि हमारे चंदेरी के पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान पर प्रशासन द्वार कितना दबाब डाला जा रहा है, यह हम जानते है, जिस प्रकार अनेक बार प्रशासन उनके घर पहुंच गया और उन्हें अलग-अलग धमकी दी जा रहीं है।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं न खोले अपने नेताओं के लिए द्वार:**

न्याय सत्यागृह में शामिल होने के लिए पूरे प्रदेशभर से कांग्रेस के दिग्गज नेता सहित कार्यकर्ता अशोकनगर पहुंच रहे है, इससे पहले पुलिस प्रशासन द्वारा शहर के समस्त होटल, लॉज, धर्मशालाओं को अधिगृहण कर लिया, जिससे की कांग्रेस नेताओं को रूकने के लिए जगह न मिल सके। इसको देखते हुए कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकार्तओं द्वारा अपने घरों के द्वार खोल दिए और अपने घरों पर बैनर लगाकर लिखा कि मेरा घर कांग्रेस का घर है। तो वहीं प्रेसवार्ता में जयवर्धन सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेशा से शामिल होने आ रहे कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के लिए शहर के 500 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने अपने घर के द्वार खोल दिये है, जो अपने अतिथि का सत्कार करेंगे।

# सोनेरा की हनुमान टेकरी पर खुले आसमान के नीचे चातुर्मास करेंगे श्याम दास महाराज

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** स्वप्न में देखें सिद्ध क्षेत्र को साक्षात देखकर महंत श्री श्याम दास जी महाराज आश्चर्य चकित रह गए। अशोक नगर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर ग्राम सोनेरा के टेकरी सरकार श्री हनुमान जी महाराज का चमत्कार निराला है, यहां सच्ची श्रद्धा के साथ हाजिरी लगाने से श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूरी होती है। वैसे तो यहां यज्ञ हो चुका है। लेकिन इस तपो भूमि की दूर-दूर तक ख्याति है। और इस बार यज्ञ सम्राट श्री श्री 1008 साकेत वास श्री कनक बिहारी दास जी महाराज महामंडलेश्वर के कृपा पात्र शिष्य महंत श्री श्याम दास जी महाराज का रविवार से सोनेरा टेकरी धाम पर चातुर्मास प्रारंभ हो गया है। चातुर्मास के दौरान महंत श्री श्याम दास जी खुले आसमान के नीचे बैठेंगे। उन्होंने बताया कि वह सन 2005 से यज्ञ सम्राट श्री कनक बिहारी दास जी के शिष्य हैं,एक बार सोनेरा टेकरी सरकार का



स्थान सपने आया था। लेकिन मैं समझ नहीं पा रहा था। कि यह कौन सी जगह है,मैं पहले कुछ दिनों पूर्व सोनेरा टेकरी पर गया, तो मुझे तत्काल वह सपना याद आ गया। यह तो सोनेरा टेकरी की तपोभूमि है, सिद्ध भूमि है, यहां बड़े-बड़े चमत्कार होते हैं आज परम पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद से मैं इतनी कठोर तपस्या करने सोनेरा की टेकरी सरकार आया हूं। समस्त ग्राम वासियों का मुझे तन मन धन से सहयोग मिला सारा गांव एक साथ खड़ा है। चातुर्मास प्रारंभ करने के पूर्व रविवार को ग्राम वासियों के साथ महंत श्री श्याम दास जी ने श्री राधा कृष्ण मंदिर सोनेरा से ग्राम के सभी मंदिरों आशीर्वाद लिया, श्री गौड़ बाबा धाम पर सभी साधु संतों का सम्मान हुआ और सभी ग्राम वासियों के साथ राम नाम का संकीर्तन करते हुए गांव में निकले। तत्पश्चात हनुमान टेकरी पर कन्या भोजन भंडारे का आयोजन हुआ। इसके बाद महंत श्री श्याम दास जी महाराज खुले आसमान के नीचे कठोर तपस्या के लिए बैठे।

## एक नजर में



### धमेंद्र ने किया 55वां रक्तदान

**अशोकनगर।** सुखमनी ब्लड हेल्प ग्रुप द्वारा हर जरूरतमंद मरीजों को रक्त मुहैया कराया जाता है, इसी कड़ी में सोमवार को जिलाअस्पताल में भर्ती मरीज के लिए रक्त की आवश्यकता हुई तो सुखमनी ब्लड हेल्प ग्रुप के सदस्य धमेंद्र रघुवंशी खैजरा ने पहुंचकर जरूरतमंद मरीज के लिए रक्तदान किया। यह श्री रघुवंशी का 55 वा रक्तदान था, इससे पहले 54 वार रक्तदान कर चुके है, जिनमें कई मौके पर उनकी पत्नि भी रक्तदान करने पहुंचती है। चिकित्सकों के अनुसार अस्पताल में भर्ती कल्याण सिंह का हीमोग्लोबिन 3 पॉइंट था, वहीं बी पॉजिटिव ब्लड मिल नहीं रहा था, जिसके चलते क्लब के सदस्य ने पहुंचकर रक्तदान कर मरीज की मदद की।

### कोटवारों ने सौंपा ज्ञापन

**पिपरई।** कस्बे की तहसील में कोटवारों ने 11 सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री के नाम से सौंपा जिसमें उनकी प्रमुख्य मांगे मध्यप्रदेश के अड़तीस हजार कोटवारों को नियमित किया जाए। कोटवार पंचायत 2007 की घोषणा अनुसार मध्यप्रदेश के सभी 3800 कोटवारों को पात्रता परीक्षण के सेवा मालगुजार भूमि का स्वामित्व प्रदान किया जावे। कोटवार अधिगृहित जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर रखा हे उसे अतिक्रमण मुक्त कराई जाए। वहीं न्यायलय के आदेश बर्दी क्रय संबधी आदेश निरस्त कर पूर्व की तरह बर्दी की राशि कोटवारों के खाते के माध्यम से भुगतान की जावे। शहरी एवं नगरीय क्षेत्र में तथा एक ग्राम में एक से अधिक कोटवार होने की स्थिति में कोटवार पद समाप्त करने सम्बन्धी असंवैधानिक आदेश निरस्त किया जाए। कोटवार नियुक्ति में कोटवार परिवार के सदस्य को ही बिना ग्राम पंचायत प्रस्ताव के पटवारी प्रतिवेदन एवं थाना प्रभारी चरित्र प्रमाण पत्र आधार पर कोटवार नियुक्ति में प्रथम वरीयता संबधी आदेश किया जाये सहित अन्य मांगे रखी।

# मुनिश्री के स्वागत के लिए दुल्हन की तरह सज रहा शहर

## नौका विहार कर मुनिश्री ने किया जिले में प्रवेश, सुधा सागर महाराज की अगवनी को आतुर श्रद्धालु

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** आचार्य विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री सुधा सागर जी महाराज ने सोमवार को जिले में प्रवेश किया। जिले में प्रवेश के लिए उन्होंने नौका विहार किया और सिंध नदी पार कर वह जिले की सीमा पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में गुना और अशोकनगर जिले के श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुनिश्री सुधासागर महाराज शहर में ही चातुर्मास करेगे। तो वहीं उनके



आगमन को लेकर शहर में खास उत्साह देखा जा रहा है। जिसके चलते शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है और जगह-



जगह स्वागत द्वार बनाये जा रहे है।

दरअसल सोमवार को मुनिश्री ने गुना जिले के बरखेड़ा गिर्द से विहार करते हुए झीला गांव के पास सिंध नदी तक की यात्रा की। इसके बाद उन्होंने नौका के माध्यम से सिंध नदी पार की। इस मौके पर एसडीआरएफ की टीम ने सुरक्षा के बीच मुनिश्री को नदी पार करवाया। वहीं नदी किनारे मुनिश्री की अगवानी के लिए सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। तो वहीं शाढौरा थाना प्रभारी सत्येंद्र कुशवाह सहित शहर के जैन श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सिद्ध चक्र महामंडल विधान में श्रद्धालु ले रहे धर्म लाभ

मुंगावली। नगर में इस समय सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है जो नगर के विद्या सौम्य सभा स्थली पर किया जा रहे है, जिसमें प्रतिदिन प्रात:काल मंगलाष्टक, अभिषेक , शांतिधारा भक्ति के साथ आरती तदोपरांत विनयपाठ , दैनिक पूजन, नंदीश्वर द्वीप की पूजन एवं विधान के अर्घ्य श्रद्धालुओं द्वारा समर्पित किए जा रहे है। इस विधान की विशेषता है कि इसमें प्रतिदिन अर्घ्य की संख्या दुगुनी होती जाती है और अंतिम दिवस 1024 अर्घ श्रद्धालुओं द्वारा प्रभु का अर्पित किए जाते है। वहीं दोपहर में भक्त गण जाप कक्ष में विशुद्धि को बढ़ाते हुए शांति मंत्र का आराधन एवं महिलाएं समवशरण एवं मंडल की 108 परिक्रमा करती है। इसके अलावा संध्या कालीन बेला में शाम को पुण्यार्जक परिवार के निज निवास से महा आरती निकलती है जो मुख्य मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर महा आरती का आयोजन संगीतमय किया जाता है, इस विधान में नगर के गौरव ब्रह्मचारी मोनू भैया और अमन शास्त्री द्वारा यह विधान संपन्न कराया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे है।

# सोशल मीडिया की टिप्पणी का विरोध

**कावड़ यात्रा को लेकर की गई है टिप्पणी**

**विरोध में शिव भक्तों ने सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** कावड़ यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी पर शिव भक्तों में आक्रोश व्याप्त है और इसी को लेकर सोमवार को कई शिव भक्त और महाकाल सेवा समिति ने एक ज्ञापन एसडीएम मनीष धनगर को कलेक्टर के नाम सौंपा है। जिसमें उन्होंने कहा कि पिछले दिनों फेसबुक पर एक पोस्ट डाली गई जिसमें कहा गया कि जूता खा लिया, पेशाब पी ली,पेशाब से नहा लिया, मल खा लिया,चलो उठो अब कावड़ यात्रा की तैयारी करो सरकार अब आपके ऊपर फूलों की बारिश कराएगी, जिन भक्तों का शुद्धि करण हो चुका है वह कावड़ यात्रा पर जा सकते है। इस तरह कांवड़ियों पर इस तरह की टिप्पणी की गई है और इस पोस्ट को नगर के कांग्रेसी नेता सुरेंद्र जैन राजू भैया किरण केमिस्ट द्वारा शेयर किया गया है। जिससे हम कांवड़ियों की भावनाओं को ठेस पहुंची है क्योंकि हम विगत कई सालों से नगर में कावड़ यात्रा निकालते है, ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही की जाना चाहिए जिससे ऐसी हरकत कोई दोबारा नहीं कर सके, ज्ञापन देने बड़ी संख्या में





